अमर उजाला 16/12/2025

जीएमएन कॉलेज में बनाया हरित क्षेत्र

कॉलेज परिसर में एक हरित एवं सतत क्षेत्र का विकास किया गया। कॉलेज

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों, स्टाफ और नर्सिंग विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से कॉलेज परिसर में एक हरित व सतत क्षेत्र का विकास किया गया। इसके अंतर्गत पौधारोपण, अपशिष्ट सामग्री का पुनः उपयोग, हरित सौंदर्यीकरण और स्वच्छता व पर्यावरण जागरूकता से संबंधित गतिविधियां हुईं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है। संवाद